कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कैमूर वन प्रमण्डल, भभुआ।
Phone/Fax No. 06189-224605/Mobile No. 8986153362/Email ID. kaimurdfo@gmail.com

पत्रांक......863/

प्रेषक,

सत्यजीत कुमार, भा०व०से०
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कैमूर वन प्रमण्डल, भभुआ।

MD Dr. A.K. Ghosh

सेवा में,

अपर समाहर्ता,
कैमूर, (भभुआ)।

भभुआ, 821101 दिनांक..5../..5../2018

विषयः- कैमूर जिला अंतर्गत मुण्डेश्वरी पर्वत पर रोपवे के लिए पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार, पटना को अपयोजित किये जाने वाले भूमि के विरूद्ध भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः- आपका ज्ञापांक-XVIII-75-18- 867/रा0, दिनांक 21.04.2018

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि उल्लेखित ज्ञापांक-XVIII-75-18- 867/रा0, दिनांक 21.04.2018 में मुण्डेश्वरी रोपवे निर्माण हेतु वन-भूमि अपयोजन की मात्रा (0.53 Ha) अद्यतन नहीं है।

इस संबंध में कई बार टूरिज्म के प्रतिनिधि एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर संशोधित वन-भूमि अपयोजन की मात्रा (1.309 Ha) निर्धारित की गई है, जिसे प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 के ज्ञापांक-148/15/टी0टी0/166/18, दिनांक 08.02.2018 में देखा जा सकता है। (छायाप्रति संलग्न)

ध्यातव्य हो कि इस संबंध में जिलाधिकारी, कैमूर को सारी वस्तुस्थिति की जानकारी है और उनके सुझाव के आलोक में ही पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि और अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर संशोधित अपयोजित वन-भूमि की मात्रा (1.309 Ha) निर्धारित की गई है।

अतः स्पष्ट करना है कि मुण्डेश्वरी रोपवे प्रस्ताव के अन्तर्गत वन-भूमि के बदले उतनी ही मात्रा (1.309 Ha) की वन-भूमि उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी।

अनुलग्नकः-यथोक्त।

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कैमूर वन प्रमण्डल, भभुआ।

O/c

बिहार सरकार

समाहरणालय, कैमूर (भभुआ)

(राजस्व शाखा)

Ph No.- 06189 223319(o)
Email.- adcollector-kai-bih@nic.in

पत्रांक XVIII-7-5/18-................/रा०,

महत्वपूर्ण

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता,
कैमूर(भभुआ)

सेवा में,

अंचलाधिकारी,
भगवानपुर, अधौरा एवं चैनपुर

भभुआ, दिनांक............/अप्रैल, 2018

विषय :- कैमूर जिलान्तर्गत मुण्डेश्वरी पर्वत पर रोपवे के लिए पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार, पटना को अपयोजित किये जाने वाले भूमि के विरुद्ध भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में ।

प्रसंगः- पर्यटन विभाग, बिहार पटना का पत्रांक 657 दिनांक 17.03.2017 एवं इस कार्यालय का ज्ञापांक 794/रा0, दिनांक 31.03.2017 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा कैमूर जिलान्तर्गत मुण्डेश्वरी पर्वत पर रोपवे निर्माण के लिए पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार, पटना को अपयोजित किये जाने वाले मौजा-पौरा, अंचल-भगवानपुर, थाना-909, खाता-97, खेसरा-239, रकबा-0.53 हे0 भूमि के विरुद्ध भूमि उपलब्ध कराने का मांग किया गया था, जो अभी तक अप्राप्त है।

अतः निदेश दिया जाता है कि उक्त रकबा के बराबर की भूमि वन क्षेत्र के अन्तर्गत ही चिन्हित कर अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें ।

विश्वासभाजन,

ह०/-

अपर समाहर्त्ता,
कैमूर(भभुआ)

ज्ञापांक XVIII-7-5/18-....867..../रा०, दिनांक...21.../अप्रैल 2018

प्रतिलिपिः- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भभुआ को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) को सूचनार्थ प्रेषित।

21/4/18

अपर समाहर्त्ता,
कैमूर(भभुआ)